विधान परिषद के प्रथम सत्र, 2023 के प्रथम बुधवार के लिए निर्धारित डा0 मान सिंह यादव, मा0 सदस्य, विधान परिषद द्वारा पूछे गये तारांकित प्रश्न संख्या-1 का उत्तर

**प्रश्न**

1(क) क्या श्रम एवं सेवायोजन मंत्री बतायेंगे कि प्रदेश में बेरोजगारी दूर किये जाने की सरकार के पास कोई कार्ययोजना है ?

**उत्तर**

सेवायोजन विभाग के अधीन संचालित प्रदेश के सेवायोजन कार्यालयों द्वारा रोजगार के इच्छुक अभ्यर्थियों को रोजगार के अवसर उपलब्ध कराने का कार्य किया जाता है। इस हेतु सेवायोजन विभाग के पोर्टल https://sewayojan.up.nic.in में रोजगार के इच्छुक अभ्यर्थियों एवं नियोजकों को ऑनलाइन पंजीकरण की व्यवस्था है। प्रदेश के सेवायोजन कार्यालयों द्वारा रोजगार मेलों के माध्यम से निजी क्षेत्र में रोजगार के इच्छुक अभ्यर्थियों को रोजगार के अवसर उपलब्ध कराये जाने का कार्य किया जाता है।

कामगारों/श्रमिकों हेतु सरकारी तथा गैर सरकारी क्षेत्र में अधिकाधिक सेवायोजन एवं रोजगार के अवसर सृजित करने के उद्देश्य से श्रम एवं सेवायोजन विभाग, उ0प्र0 के अन्तर्गत उत्तर प्रदेश कामगार और श्रमिक(सेवायोजन एवं रोजगार) आयोग का गठन किया गया है।

प्रदेश में रोजगार, स्वरोजगार, कौशल प्रशिक्षण तथा अप्रेन्टिसशिप के माध्यम से रोजगार व स्वरोजगार के विशेष अवसर सृजन किये जाने के उद्देश्य से प्रदेश सरकार द्वारा दिनांक 05 दिसम्बर, 2020 से "मिशन रोजगार" अभियान चलाया गया है।

रोजगार मेलों तथा चयनित अभ्यर्थियों की प्रगति रिपोर्ट :-

| क्र0 सं0 | वर्ष | रोजगार मेलों की संख्या | चयनित अभ्यर्थियों की संख्या |
|---|---|---|---|
| 1 | 01.04.2020 से 31.03.2021 तक | 869 | 1,47,499 |
| 2 | 01.04.2021 से 31.03.2022 तक | 822 | 1,17,430 |
| 3 | 01.04.2022 से 31.01.2023 तक | 1,536 | 1,72,291 |

(ख) यदि हॉ, तो उक्त का सम्पूर्ण विवरण सदन की मेज पर रखेंगे?

उपरोक्तानुसार।

(ग) यदि नहीं, तो क्यों?

प्रश्न नहीं उठता।

अनिल राजभर<br>
मंत्री<br>
श्रम एवं सेवायोजन